**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**

**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**

**17-06-2025**

# प्रेस विज्ञप्ति

- ❖ **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन संतकबीरनगर स्थित जेटीसी/आरटीसी बैरकों का निरीक्षण।**
- ❖ **रिक्रूट आरक्षियों से की गयी संवादात्मक वार्ता।**
- ❖ **मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 17.06.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र श्री संजीव त्यागी द्वारा जनपद सतंकबीरनगर में आरक्षीगण की जेटीसी व आरटीसी ट्रेनिंग के दृष्टिगत पुलिस लाइन स्थित जेटीसी/आरटीसी बैरकों भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की गहन समीक्षा कर कमियों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा नवागत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत, अनुशासन व समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर , क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**